भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1250

उत्तर देने की तारीख: 10.02.2020

राष्ट्रीय महत्व के संस्थान

†1250. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरूपति, आंध्र प्रदेश और तीन अन्य मानद विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्रदान करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इसके मंत्रिमण्डलीय हेतु नोट तैयार करके मंत्रिमण्डल के अनुमोदन हेतु भेजा गया है; और

(घ) उक्त संस्था को राष्ट्रीय महत्व की संस्था का दर्जा प्रदान करने के लिए सरकार विधेयक कब तक लाएगी?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (आरएसवी), तिरूपति, आंध्र प्रदेश सहित तीन संस्कृत सम विश्वविद्यालयों को केन्द्रीय विश्वविद्यालय में बदलने का प्रस्ताव है, जिससे संबंधित विधेयक पहले ही लोक सभा में पारित कर दिया गया है। राज्य सभा में विधेयक पारित हो जाने के पश्चात ये संस्थाएं केन्द्रीय विश्वविद्यालय बन जाएंगी।

*****